सच्चाई के दम पर जोश के साथ...
प्रधान संपादकः रतन प्रकाश सिंह
www.swarajindianews.com
swarajindianews swarajindianews
दैनिक सांध्यकालीन
# स्वराज इंडिया
कानपुर, सोमवार, 24 मार्च, 2025
वर्षः 02, अंकः 87, पृष्ठः 8+4, मूल्यः ₹ 2/-



शिंदे पर टिप्पणी कर बुरे फंसे कॉमेडियन कामरा » Pg12

इनसाइड होटल रेस्टोरेंट व्यवसाईयों ने जमकर खेली फूलों की... » Pg02

## सरकार के आठ साल पर सीएम योगी ने की प्रेसवार्ता

# अर्थ शक्ति पुंज बनने की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश

### बोले मुख्यमंत्री- यूपी में बीते सालों में परसेप्शन पूरी तरह से बदल गया । एक झलक रिपोर्ट कार्ड पर दिखाई डॉक्यूमेंट्री

» कार्यालय संवाददाता, स्वराज इंडिया ब्यूरो।

**लखनऊ। सरकार के 8 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लोकभवन में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में अपनी सरकार के विकास कार्यों का विस्तृत खाका प्रस्तुत किया। इस दौरान 8 वर्षों में यूपी में सरकार के कामकाज पर एक झलक रिपोर्ट कार्ड डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई और पुस्तिका का विमोचन किया गया।**



इस मौके पर सीएम योगी ने समर्थन देने के लिए आमजनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आठ वर्षों में किसान के उत्थान के लिए, बेरोजगारों को रोजगार देना, परंपरागत उद्यमिता को आगे बढ़ाया गया, मातृशक्ति के स्वावलंबन के लिए जो कार्य किए गए। इसके लिए जनपद मुख्यालयों में तीन दिन दिवसीय कार्यक्रम चलाए जाएंगे। लोगों को इसके बारे में जानकारी दी जाएगी।

सीएम ने आगे कहा कि पहले दंगे, आतंक को लोगों ने देखा। आठ वर्ष पहले यूपी बीमारू राज्य माना जाता था। आज वही प्रदेश अर्थ शक्ति के रूप में उभरा है। पहले यूपी विकास का ब्रेक माना जाता था। आज वही प्रदेश विकास की उदाहरण बनकर उभरा है। प्रदेश वही है, जनता वही है, सिस्टम वही है, सिर्फ सरकार बदलने मात्र से बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है।

सीएम ने कहा कि 2017 से पहले किसान आत्महत्या करता था। जिस प्रदेश में तकनीकि का उपयोग करके किसान को समृद्ध बनाया जाना चाहिए था, वहां पर किसानों के लिए कुछ नहीं किया गया। आज प्रदेश की जीडीपी में 28 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। आज किसानों को किसान सम्मान निधि के माध्यम से करोड़ों रुपये सीधे खाते में भेजे गए।

### चीनी मिलें बंद करने की जगह छह नई मिलें स्थापित कीं-सीएम

प्रदेश में सिंचाई की व्यापक व्यवस्था की गई। हमने प्रदेश में कृषि विज्ञान केंद्र स्थापिक किए। कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की। इसका नतीजा हुआ कि दलहनी, तिलहनी फसलों के साथ अन्य फसलों का उत्पादन बढ़ा। पहले चीनी मिलें बंदी की कगार पर थीं। करोड़ों रुपये किसानों का बकाया था। हमने इसमें बदलाव किया। हमने चीनी मिलें बंद होने नहीं दीं। साथ ही छह मिलें स्थापित कीं।


### पारदर्शी व्यवस्था से पुलिस कार्मिकों की भर्ती पूरी की

2017 से पहले न बेटी सुरक्षित थी, न व्यापारी। हर दूसरे-तीसरे दिन दंगा होता था। आज प्रदेश में कानून का राज है। महाकुंभ इसका उहादारण है। इतने बड़े आयोजन के बाद बी एक भी घटना नहीं घटित हुई। प्रदेश वही है, लेकिन सरकार बदलने से बड़ा बदलाव आया है।

पारदर्शी व्यवस्था से सरकार ने एक लाख से अधिक पुलिस कार्मिकों की भर्ती पूरी की। हाल में 60 हजार और पुलिसकर्मियों की भर्ती पूरी हुई है।

### किसानों की आमदनी बढ़ाने का कार्य किया

मुख्यमंत्री योगी ने कहा पीएम कुसुम योजना अंतर्गत सोलर पैनल लगाकर लगभग 86 हजार किसानों के जीवन मे बदलाव लाया गया,14 लाख निजी नलकूपों को मुफ्त बिजली देकर किसानों की आमदनी ब?ाने का कार्य किया।2017 से पहले बिचौलियों का बोलबाला था। 2017 से 2023 तक गेंहू क्रय में हमने ढाई गुना ज्यादा की गई। 43 हजार 424 करोड़ रु भुगतान किया गया। धान के क्रय में 88 हजार करोड़ 746 करोड़ डीबीटी के माध्यम से दिया गया। सरकार ने 32 लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि को बाढ़ से बचाने का कार्य किया गया।



### लोग बोलते थे-जहां से गड्ढे शुरू वहीं से यूपी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा कि 56 लाख गरीब लोगों को आवास उपलब्ध कराया गया। एक करोड़ छह लोगों को वृद्धावस्था, दिव्यांग या विधवा पेंशन दी जा रही है। पहले वृद्धावस्था पेंशन 300 रुपये दी जाती थी। हमने इसे बढ़ाकर एक हजार कर दिया। पहले लोग कहते थे, जहां से सड़कों में गड्ढे शुरू हो जाएं, वहीं से मान लेना यूपी आ गया। आज प्रदेश में सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे यूपी के पास हैं। छह एक्सप्रेसवे जारी हैं।

### एक करोड़ से अधिक महिलाओं को घरौनी

सीएम योगी ने कहा कि आज पीआरवी 112 के रिस्पांस टाइम में बेहतर सुधार हुआ है। पहले 15 मिनट से अधिक था, आज यह रिस्पांस टाइम सात मिनट तक रह गया है। नारी सशक्तीकरण में यूपी ने बेहतर काम किया। सीएम ने कहा कि बेटी के जन्म से लेकर स्नातक तक पढ़ाई के लिए दी जाने वाली 25 हजार की सहायता राशि से हजारों बेटियां लाभान्वित हो रही हैं। प्रदेश में 4.76 लाख से अधिक सामूहिक विवाह संपन्न कराए गए हैं। एक करोड़ से अधिक महिलाओं को घरौनी देने का काम किया गया है। पहले प्रदेश का युवा अपनी पहचान के लिए मोहताज था।

### कानून व्यवस्था ने लगाई लंबी छलांग

सीएम योगी ने कहाकि हर दूसरे दिन दंगा होता था। बेटी व व्यापारी असुरक्षित थे। कानून व्यवस्था ने लंबी छला्ंग लगाई है। कुम्भ में कोई आपराधिक मामला नहीं हुआ। डेढ़ लाख पुलिस कर्मियों के पद खाली थे। 1.56 लाख पद खाली पड़े हुए थे। करीब दो लाख से ज्यादा पुलिसकर्मी की भर्ती की गई है। बैरक का निर्माण किया गया है। पहली बार 60244 पुलिस कर्मियों की एक साथ ट्रेनिंग होने जा रही है।

### जनता पर बिना टैक्स लगाए बेहतर परिणाम दिया-सीएम

सीएम ने कहा कि आज प्रदेश सरकार के कार्यों से परिणाम सामने है। प्रदेश अर्थव्यवस्था में नंबर दो का राज्य है। हमारी सरकार ने पहले ही फैसले में किसानों के लिए कर्जमाफी और राज्य कर्मचारियों के लिए सातवां वेतन आयोग लागू किया। हमने जनता पर बिना टैक्स लगाए एक बेहतर परिणाम दिया। उन्होंने कहा कि आज यूपी एक रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है। रोजगार की संभावनाएं बनी हैं। प्रदेश में निवेश आ रहा है तो रोजगार के साथ परिवारों के चेहरे पर खुशहाली है।

### जनसंवाद करेगी भाजपा

योगी सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर यूपी भाजपा उत्सव मना रही है। इसकी शुरुआत सोमवार से हो गई। यह उत्सव 14 अप्रैल तक मनाया जाएगा। इसके तहत भाजपा प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार की आठ वर्ष की उपलब्धियों के साथ जनसंवाद करेगी। इस क्रम में जिला स्तर पर कार्यशालाएं होंगी। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और प्रदेश महामंत्री धर्मपाल सिंह की अगुवाई में उत्तर प्रदेश का उत्कर्ष-भाजपा सरकार के 8 वर्ष के संदेश के साथ सरकार की उपलब्धियों को लेकर भाजपा जनमानस तक पहुंचेगी।

### यूपी की कानून व्यवस्था काफी खराब : मायावती



सीएम योगी ने कानून व्यवस्था को सबसे बेहतर बताया तो बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि जनता दुखी है। सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए। मायावती ने मनुस्मृति पर निशाना साधते हुए कहा कि इसकी व्यवस्था के बारे में बाबा साहेब आंबेडकर को भी ज्ञान था और हम लोगों को भी है।

# होटल रेस्टोरेंट व्यवसाईयों ने जमकर खेली फूलों की होली




**स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो**

**कानपुर। होटल,गेस्ट हाउस स्वीट्स रेस्टोरेंट एसोसिएशन के तत्वाधान में वेद गेस्ट हाउस में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संरक्षक उद्योगपति विजय कपूर ने प्रज्वलन कर किया, तो वहीं अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष सुखबीर सिंह मलिक ने पवित्र पटका दुपट्टा पहना कर सम्मानित करते हुए स्वागत किया। विधायिका नीलिमा कटियार, एमएलसी अरुण पाठक, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्रा, आदि ने होटल एसोसिएशन के होली मिलन कार्यक्रम की सराहना करते हुए जमकर प्रशंसा की।**

वही रंगारंग कार्यक्रमों में फूलों की होली बच्चों के सांस्कृतिक प्रोग्राम मनमोहक रहे, महामंत्री राजकुमार भगत्तानी ने होली मिलन कार्यक्रम में होटल रेस्टोरेंट व्यवसाईयों द्वारा लगाए गए स्टालो की प्रशंसा करते हुए स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया, का0 अध्यक्ष श्यामलाल मूलचंदानी तथा कोषाध्यक्ष सरदार इंद्रजीत सिंह ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए कार्यक्रम को गौरवशाली बनाने पर हुए उन्हें धन्यवाद कहा, कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंकुश खन्ना, प्रवीण अग्रवाल, गोपी श्रीवास्तव, अमित गुप्ता, वीरेंद्र दुबे, सिमरनजीत सिंह,चंद्रेश दीक्षित, अभिषेक गुप्ता, पीएस पांडे, आशीष चौधरी, संजय उपाध्याय, समर्थ साहू आदि बड़ी संख्या में होटल रेस्टोरेंट व्यवसाई मौजूद रहे।

## तेज धमाके के साथ फटा सिलेंडर, तीन लोग घायल




**स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो**

**कानपुर। चकेरी थाना क्षेत्र अंतर्गत कोयला नगर में स्थित सत्यपाल इंडस्ट्रियल नामक कंपनी में लोहे की पाइप की वेल्डिंग करते समय अचानक सिलेंडर फट गया। घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों से सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।**

कोयला नगर के बांकेलाल पुरम में एक गैस गोदाम के पास सोनू का पेंटिंग करने का कारखाना है। वहां पर काम कर रहे कर्मचारी हरदोई निवासी रमेश, जोधेपुर जरकला निवासी विजय सिंह और हरदोई के कुलिया निवासी विजय कुमार ने बताया कि रविवार की देर शाम को पेंट और थिनर का मिश्रण करते समय अचानक तेज धमाका हुआ। जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। धमाके से कारखाने में आग लग गई।आनन-फानन में क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस को सूचना देने के साथ ही आग को बुझाने का काम शुरू किया गया। वहीं पुलिस के आने से पहले ही लोगों ने आग को बुझा लिया। साथ ही झुलसे तीनों मजदूरों को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



# सांसद रमेश अवस्थी ने सीएम योगी को बताई कानपुर की बड़ी समस्याएं

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कानपुर आगमन पर सांसद रमेश अवस्थी ने सौंपा 13 पृष्ठीय पत्र, कानपुर के विकास कार्यों को प्राथमिकता देने की रखी मांग



**स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो**

**कानपुर। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कानपुर आगमन पर कानपुर सांसद रमेश अवस्थी ने एक 13 पृष्ठीय पत्र सौंपते हुए नगर के महत्वपूर्ण विकास कार्यों को प्राथमिकता पर कराने का अनुरोध किया। सांसद ने पत्र में उल्लेख किया कि योगी सरकार के नेतृत्व में उत्तरप्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है, और कानपुर नगर के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को शीघ्र लागू किया जाना जनहित में आवश्यक है।**

सांसद अवस्थी ने पत्र में कानपुर नगर के नागरिकों द्वारा वर्षों से की जा रही विभिन्न विकास कार्यों की मांगों को रखते हुए आईटी पार्क की स्थापना, लेदर कलेक्टर की स्थापना, ग्रीन पार्क का पूर्ण जीर्णोद्धार, गंगा नदी पर रिवर फ्रंट का निर्माण, लाल इमली मिल को पुनः चालू करने हेतु टेक्सटाइल पार्क की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण प्रस्तावों को प्रस्तुत किया।इसके अलावा, बाबा श्री आनंदेश्वर कॉरिडोर, श्री हनुमान मंदिर (पनकी मंदिर) व बारा देवी मंदिर कॉरिडोर के निर्माण, शहर के समस्त घाटों के पूर्ण सौंदर्यीकरण, यातायात को सुगम बनाने हेतु सेतु निर्माण, नया फायर स्टेशन निर्माण व फजलगंज फायर स्टेशन के जीर्णोद्धार की मांग भी पत्र में शामिल है।

सांसद अवस्थी ने कानपुर के दक्षिण क्षेत्र में प्रशासनिक भवन निर्माण व पुलिस कमिश्नर कार्यालय के निर्माण को भी अत्यंत आवश्यक बताते हुए मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि इन सभी परियोजनाओं को प्राथमिकता देते हुए संबंधित विभागों को शीघ्र निर्देशित किया जाए, ताकि कानपुर का पुराना गौरव और वैभव पुनः स्थापित हो सके।

उन्होंने कहा कि कानपुर महानगर के नागरिकों की भावनाओं का सम्मान करते हुए इन विकास कार्यों को शीघ्र क्रियान्वित किया जाना अति आवश्यक एवं जनहित में है ।

# माली सैनी महासभा ने मनाया होली मिलन समारोह

**स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो**

कानपुर ।माली सैनी महासभा उ. प्र. संगठन के द्वारा रविवार को होली मिलन समारोह कार्यक्रम अन्नपुर्णा गेस्ट हाउस गोविंद नगर कानपुर में आयोजित किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ आदरणीय सभी सदस्यों का सम्मान के साथ महात्मा फुले एवं माता सावित्रीबाई फुले के चित्र का मल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया ।सभी उपस्थित पदाधिकारी एक दूसरे को मस्तक पर चंदन का लेप लगाया सुगंधित वातावरण में होली की बधाइयां गले मिलकर दी एवं हंसी-खुशी के माहौल में फूलों की होली खेली गई ।कार्यक्रम में उपस्थित रमेश चंद्र सैनी अध्यक्ष, पप्पू सैनी, सी एल सैनी, महेश सैनी, पंकज सैनी, महंत राम अवतार सैनी, सुनील सैनी, शिवकुमार सैनी, रोहित सैनी, अनिल सैनी, गोपाल सैनी, रज्जन सैनी, राजू सैनी, रमेश सैनी एवं महिला कार्यकारणी सदस्य श्रीमती दीपा, सैनी, राधा सैनी एवं अन्य महिला सदस्यों ने भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। सी एल सैनी प्रदेश मीडिया प्रभारी माली सैनी महासभा यू पी ने सभी का आभार जताया।

## महात्मा फुले एवं माता सावित्रीबाई फुले के चित्र का मल्यार्पण किया गया



# अकबरपुर निवासी प्रशांत ओमर निर्विरोध राष्ट्रीय महामंत्री मनोनीत

» चुनाव में निर्विरोध राष्ट्रीय महामंत्री मनोनीत हुए प्रशांत, अकबरपुर में हुआ स्वागत

## खाटूश्याम जयपुर में आयोजित किया गया अखिल भारतीय ओमर-उमर वैश्य युवा संगठन का अधिवेशन

**प्रमुख संवाददाता, स्वराज इंडिया**

**कानपुर देहात।** अकबरपुर कस्बा निवासी समाजसेवी एवं रियल स्टेट कारोबार से जुडे प्रशांत ओमर की लोकप्रियता दिन-पर-दिन बढती जा रही है। बीते दिन राजस्थान के खाटूश्याम सीकर में अखिल भारतीय ओमर-उमर

वैश्य युवा संगठन के संपन्न हुए चुनाव में प्रशांत को निर्विरोध राष्ट्रीय महामंत्री मनोनीत किया गया है। वर्तमान समय में वह अकबरपुर की ऐतिहासिक रामलीला कमेटी के अध्यक्ष और उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाउपाध्यक्ष भी हैं। वह समाजसेवा के लिए हमेशा सक्रिय रहते हैं।

निर्विरोध राष्ट्रीय महामंत्री मनोनीत किए जाने पर उनके शुभचिंतकों एवं





समर्थकों में खुशी की लहर है। शनिवार को अकबरपुर में चेयरमैन दीपाली गुडडन सिंह की ओर से आयोजित किए गए होली मिलन समारोह में पहुंचे सांसद देवेंद्र सिंह भोले, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा मनोज शुक्ला सहित भाजपा नेता विवेक द्विवेदी आदि ने प्रशांत ओमर को माला पहना कर उनको बधाई दी। समारोह में मौजूद लोगों ने बढती लोकप्रियता को लेकर उन्हे अग्रिम भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं।

प्रशांत ने सभी हाथ जोडकर आभार प्रकट किया। इस दौरान मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा, समाजसेवी डान टेलर, पूर्व प्रधान श्यामू शुक्ला, राजकरन सिंह सेंगर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।





## स्वाजाति रत्न से सम्मानित हुए धर्मप्रकाश गुप्ता एवं रामप्रकाश ओमर

**कानपुर।** अखिल भारतीय ओमर-उमर वैश्य महासभा के 97 वर्ष पूरे होने पर महाधिवेशन खाटूश्याम में आयोजित किया गया। इस दौरान स्वाजाति रत्न से कानपुर निवासी धर्मप्रकाश गुप्ता एवं रामप्रकाश ओमर को सम्मानित किया गया। दोनों लोग महासभा में लंबे समय से जुडकर मजबूती प्रदान कर रहे हैं। अपने समाज के लिए हमेशा खडे रहते हैं और महासभा का सर्वोच्च सम्मान माना जाता है। उक्त का कानपुर में कई जगह सम्मान किया गया।

स्वराज इंडिया

www.www.swarajindianews.com.com

वैचारिक मंच

कानपुर,सोमवार 24 मार्च, 2025



## सम्पादकीय

# रोकेंगे घटिया कृषि इनपुट की बिक्री

लंबे समय से हरियाणा के किसान घटिया बीज व कीटनाशक बाजार में बेचे जाने के आरोप लगाते रहे हैं। जिसके चलते उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा था। एक तो इस बाबत बने कानून सख्त नहीं थे। वहीं निगरानी करने वाले तंत्र की काहिली भी मिलावटी कृषि इनपुट बेचने वालों के हौसले बुलंद कर रही थी। इस दिशा में हरियाणा सरकार ने सार्थक पहल की है। हरियाणा सरकार ने बीज अधिनियम, 1966 और कीटनाशक अधिनियम, 1968 में संशोधन करके नकली उत्पाद बेचने वाले अपराधी तत्वों पर नकेल कसने की कोशिश की है। निश्चय ही घटिया कृषि उत्पादों को रोकने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। दरअसल, नकली बीजों और घटिया कीटनाशकों के कारण किसानों को भारी नुकसान होने की रिपोर्ट बार-बार आ रही थी। जिसके आलोक में यह कदम सरकार ने उठाया है। इस सार्थक पहल में कड़े प्रावधानों के जरिये ऐसे अपराध को संज्ञेय और गैर जमानती बनाया गया है। यदि कोई व्यक्ति बार-बार ऐसा अपराध करता पाया जाता है तो उसके लिये सजा को कड़ा किया गया है। उल्लेखनीय है कि कई बार ऐसी करतूत करने वालों के लिये तीन साल की कैद और पांच लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान रखा गया है। यह कदम महत्वपूर्ण है क्योंकि पुराने कानून में सिर्फ पांच सौ रुपये से कम का जुर्माना निर्धारित था। जिसके चलते अपराधियों में किसी तरह का कानून का डर नहीं रह गया था। जिसके चलते कानून ऐसी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने में सक्षम नजर नहीं आ रहा था। उल्लेखनीय है कि सख्त कानून के अभाव और नियामक तंत्र की कोताही के चलते लंबे समय से किसान ठगी के बाजार का खामियाजा भुगत रहे थे। हाल का एक चौंकाने वाला मामला टोहाना में प्रकाश में आया, जिसमें नकली कीटनाशकों के छिड़काव के चलते 60 एकड़ के खेतों में खड़ी धान की फसल नष्ट हो गई थी।इस प्रकार के नुकसान के स्तर से पता चलता है कि धांधली किस स्तर पर की जा रही है। वहीं दूसरी ओर सिरसा में भी ऐसा ही मामला प्रकाश में आया था, जहां किसानों को बिना उचित लेबलिंग के नकली उत्पाद बेचकर धोखा दिया गया। ये घटनाएं इस बात की आवश्यकता बता रही थी कि सरकार इस दिशा में तत्काल हस्तक्षेप करे। निश्चित रूप से नकली उत्पादों की बिक्री से किसानों को होने वाला नुकसान चौंकाने वाला है। वहीं दूसरी ओर किसानों द्वारा लाखों रुपये नुकसान होने पर जब रिपोर्ट दर्ज करायी जाती थी तो अकसर अपराधी मामूली दंड के साथ बच निकलते थे। यही वजह थी कि पीड़ित किसानों को पर्याप्त मुआवजा या कोई अन्य सहारा नहीं मिल पाता था। लेकिन इसके साथ यह भी स्पष्ट है कि सिर्फ सख्त कानूनी प्रावधान ही इस तरह की मिलावटी कीटनाशकों व बीजों की बिक्री पर रोक लगाने में सक्षम होंगे?

# पानी के संरक्षण में कारगर जन-जन की भागीदारी

दीपक कुमार शर्मा

**दुनिया में स्वच्छ जल की भारी किल्लत से जूझते देशों के लिए जल संरक्षण बेहद जरूरी है। भारत जैसे देशों में विशाल आबादी व बेतरतीब इस्तेमाल के चलते जलस्रोतों पर दबाव बढ़ रहा है। ऐसे में जल बचत की जागरूकता व योजनाओं में आमजन की भागीदारी ही भविष्य में पानी की उपलब्धता यकीनी बना सकती है।विश्व जल दिवस का उद्देश्य जल संसाधनों के महत्व को रेखांकित करना और उनके संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है, जो हर वर्ष 22 मार्च को मनाया जाता है। वर्ष 2025 के जल दिवस की थीम 'ग्लेशियर संरक्षण' जलवायु परिवर्तन से प्रभावित हो रहे जल स्रोतों, विशेष रूप से ग्लेशियरों, पर केंद्रित है। भारत, जहां नदियां लाखों लोगों की जीवनरेखा हैं, जल संकट की गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है। बढ़ती जनसंख्या, अनियंत्रित शहरीकरण, औद्योगिकीकरण और कृषि में अत्यधिक जल दोहन ने संसाधनों पर अत्यधिक दबाव डाला है। भूजल स्तर में गिरावट, प्रदूषित जल स्रोत और अनियमित मानसून इस संकट को और गहरा रहे हैं। जल संरक्षण के बिना सतत विकास की कल्पना अधूरी है। विभिन्न सरकारी योजनाएं जल प्रबंधन को लेकर प्रयास कर रही हैं, लेकिन इनका वास्तविक प्रभाव तभी संभव है जब जनता सक्रिय रूप से भागीदारी करे।**

भारत आबादी के हिसाब से सबसे बड़ा देश है। दुनिया की 18 प्रतिशत आबादी हमारे देश में रहती है। वहीं जब हम साफ पानी की बात करते हैं तो पानी को लेकर स्थिति उतनी अनुकूल नहीं, जितनी नजर आती हैं। इस प्रसंग में बता दें कि ब्राजील में दुनिया में सबसे ज्यादा साफ पानी मौजूद है। जबकि खाड़ी के मुल्क कुवैत में सबसे कम साफ पानी है। जबकि भारत साफ पानी को लेकर आठवें स्थान पर है जहां 1911 अरब क्यूबिक मीटर पानी उपलब्ध है। पानी की कमी से सबसे ज्यादा प्रभावित दुनिया के 20 शहरों की सूची में पांच शहर भारत के हैं। दूसरे स्थान पर दिल्ली, छठे स्थान पर कोलकाता, 18वें स्थान पर चेन्नई, 19वें में स्थान पर बेंगलुरु और 20वें में स्थान पर हैदराबाद है।



बेंगलुरु में पिछले साल मार्च महीने में गंभीर जल संकट पैदा हुआ जिसका प्रमुख कारण वर्षा की कमी और कावेरी नदी में जल स्तर का गिरना था, जिससे शहर के कई बोरवेल सूख गए थे। बेंगलुरु में तेजी से हो रहे शहरीकरण और जल निकायों पर अतिक्रमण ने भी स्थिति को और गंभीर बना दिया था। हमारे देश में बड़ी तेजी से लोग रोजगार के लिए, जीवन स्तर में सुधार की चाहत बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए गांवों से निकलकर शहरों की ओर आ रहे हैं। जिस कारण हमारे शहरों पर साफ पानी और सीवरेज व्यवस्था को लेकर अत्यधिक दबाव बनता जा रहा है।

जल संकट से निपटने के लिए भारत में जल जीवन मिशन एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका लक्ष्य प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नल के माध्यम से स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है। इस मिशन की सफलता जनभागीदारी पर निर्भर करती है, क्योंकि केवल सरकार के प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। यदि लोग जल संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी समझें, तो इस अभियान की सफलता सुनिश्चित की जा सकती है। जल जीवन मिशन के तहत जल गुणवत्ता की निगरानी, सामुदायिक भागीदारी, प्रशिक्षण और सूचना प्रसार जैसी पहल की गई हैं। गांव जल एवं सीवरेज समितियों को जल आपूर्ति योजनाओं के संचालन और प्रबंधन में विशेष भूमिका दी गई है।

# सब्सिडी कवच लैस अमेरिकी उत्पादों से व्यापार युद्ध

देविन्दर शर्मा

योगेश कुमार गोयल

**भारत को अपना घर व्यवस्थित करने के लिए कहने की बजाय अमेरिका से अपना कृषि बाजार खोलने के लिए कहने की ज़रूरत है। यह तभी हो सकता है जब अमेरिका से कहा जाए कि पहले वह अपनी कृषि के इर्द-गिर्द बनाया अत्यधिक सब्सिडी वाला दुर्ग ढहाए। जब हाल ही में मैंने पढ़ा कि अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक हैड ने विशेष तौर पर भारत से कहा है कि वह अपना बाज़ार अत्यधिक सब्सिडी प्राप्त अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए खोले, तो इस पर, मुझे विश्व बैंक के पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री निकोलस स्टर्न के बोल याद आ गए, जो उन्होंने उस समय देश में अपनी यात्रा के दौरान कहे थे, संक्षेप में कुछ यह था 'मैं सहमत हूं कि अमेरिकी किसानों को जिस मात्रा की सब्सिडी मिलती है, वह एक प्रकार से पाप है, लेकिन यदि भारत अपना बाजार नहीं खोलता, तो यह आपदा का नुस्खा होगा।'**

एन्न वेनमैन (जिनका कार्यकाल जॉर्ज बुश जूनियर के समय 2001-2005 तक था) से शुरू होकर कुछ इसी किस्म का दोगलापन अमेरिका के एक के बाद एक आए कृषि मंत्री समय-समय पर दिखाते रहे हैं। मुझे याद आ रहा है कि किस प्रकार उन्होंने वाशिंगटन डीसी में अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान (आईएफपीआरआई) में अपने संबोधन में बेशर्मी से विश्व बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री की उस मूर्खतापूर्ण दलील (जो कि हास्यास्पद भी थी) का समर्थन किया, जिसमें भारत कृषि मंडी को जबरदस्ती खोलने की बात कही गई थी। दरअसल, एक समय ऐसा भी आया जब अमेरिका के कम-से-कम 14 कृषि फसल निर्यात समूहों ने अमेरिकी व्यापार



प्रतिनिधि (यूएसटीआर) को पत्र लिखकर भारत में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के नाम पर फसल-विशेष को दिए जाने वाले मूल्य संरक्षण की ऊपरी सीमा तय करवाने की मांग की ताकि अमेरिकी निर्यात की भारत में राह खुल सके।इसलिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुरू किए गए अवांछित व्यापार युद्ध से मैं हैरान नहीं हूं। यह एकदम जाहिर है कि विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में लंबे समय तक चली बहुपक्षीय वार्ताओं से जो कुछ अमेरिका हासिल नहीं कर पाया, उसकी प्राप्ति के वास्ते अब ट्रंप की अरबपति मित्र मंडली विकासशील देशों को घुटनों पर लाने की गलत सलाह दे रही है। लेकिन कई प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं अब अवज्ञा में खड़ी होने लगी हैं, मैं नहीं चाहूंगा कि भारत ऐसा कुछ दिखाए कि यदि उसे कुछ झुकने के लिए कहा जाए, तो ऐसा आभास दे कि वह रेंगने तक को राजी है। कुछ साल पहले, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने टिप्पणी की थी कि चीन के 'खराब मानवाधिकार रिकॉर्ड' के कारण अमेरिका उसके साथ व्यापार नहीं करेगा। अगले दिन मैंने संयोग से बीबीसी टीवी चैनल चालू किया, जहां एक पत्रकार तत्कालीन चीनी राष्ट्रपति से पूछ रहा था -'अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा व्यापार रोकने वाली धमकी पर आपकी क्या प्रतिक्रिया है।' उनका जवाब भी उतना ही रूखा था -'अमेरिका के साथ व्यापार? जब हमने 4,000 साल से ज़्यादा अमेरिका के साथ व्यापार किया ही नहीं, तो इससे अब क्या फ़र्क पड़ने वाला है?' इस बयान के अगले दिन ही अमेरिकी व्यापार और उद्योग जगत अपने राष्ट्रपति द्वारा चीन के साथ व्यापार बंद करने के आह्वान के विरुद्ध लामबंद हो गया।' (अमेरिका के 5 प्रतिशत आयात शुल्क के मुकाबले भारत का औसतन आयात शुल्क लगभग 39 प्रतिशत है), लेकिन वास्तविकता यह है जो शुल्क भारत ने लगा रखा है, वह विश्व व्यापार संगठन के उस प्रावधान के अनुरूप है जिसमें टैरिफ दर किसी देश के विकास की श्रेणी और व्यापार संहिता में वर्णित 'विशेष एवं विभेदक व्यवहार' नामक आकलन के आधार पर है, सनद रहे कि भारत किसी भी अवस्था में विश्व व्यापार संगठन द्वारा निर्धारित प्रावधानों का उल्लंघन नहीं कर रहा। भारत के अपेक्षाकृत उच्च शुल्क उक्त संगठन के नियमन में अंतर्निहित व्यापारिक सिद्धांतों पर आधारित हैं, न कि किसी की व्यक्तिगत सनक अथवा कल्पना से चालित।

# बादाम खाएं रोज, सेहत बनेगी मजबूत हर रोज!



बादाम को अक्सर इसमें पाएं जाने वाले पोषण लाभों के कारण सुपरफूड भी माना जाता है। आवश्यक विटामिन, खनिज और स्वस्थ फैट्स से भरपूर, ये छोटे-छोटे नट्स नियमित रूप से सेवन किए जाने पर ओवरऑल हेल्थ में काफी सुधार आता हैं। चाहे आप अपने मस्तिष्क की कार्यप्रणाली को बढ़ावा देना चाहते हों, हृदय स्वास्थ्य को बढ़ाना चाहते हों या स्वस्थ वजन बनाए रखना चाहते हों, तो आप बादाम को आपके दैनिक आहार जरुर शामिल करें । इस आर्टिकल में हम आपको बादाम खाने के फायदे बताने जा रहे हैं, जिसे जानकार आप आज ही इसे डाइट में शामिल कर लेगी। बादाम ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं

भारत में डायबिटीज के बढ़ते मामलों के साथ, हर एक चीज सोच-समझकर खाना बहुत जरूरी हो गया है। प्रोटीन और फाइबर से भरपूर बादाम स्वस्थ रक्त शर्करा के स्तर को बनाए रखने के लिए बेहतरीन हैं। खास तौर पर टाइप 2 मधुमेह वाले लोगों के लिए, बादाम बेहतर रक्त शर्करा नियंत्रण में मदद करते हैं और कार्ब्स के ग्लाइसेमिक प्रभाव को कम करते हैं। हार्ट हेल्दी रहता है बादाम आपके दिल के सबसे अच्छे दोस्त हैं। शोध से पता चलता है कि संतुलित आहार के हिस्से के रूप में रोजाना मुट्ठी भर बादाम खाने से अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ावा मिल सकता है, पेट की चर्बी कम हो सकती है और आपकी कमर को कम करने में मदद मिल सकती है - जो बेहतर हृदय स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है।

## इम्यूनिटी बूस्टर

बादाम में जिंक, कॉपर, मैग्नीशियम, आयरन और विटामिन ई जैसे पोषक तत्व भरपूर मात्रा में होते हैं, जो एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है। ये पोषक तत्व आपके शरीर की सुरक्षा को बढ़ाने और आपको स्वस्थ रहने में मदद करने के लिए मिलकर काम करते हैं। वास्तव में, स्रस्स्ढ्ढ भी प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्वस्थ संतुलित आहार में बादाम को शामिल करने की सलाह देता है। एनर्जी प्रदान करता है क्या आप ऊर्जा की कमी महसूस कर रहे हैं? बादाम आपकी मदद कर सकते हैं। हेल्दी फैट्स, प्रोटीन और फाइबर से भरपूर, ये आपको ऊर्जावान बनाए रखने के लिए एकदम सही हैं। तेज-तर्रार लाइफस्टाइल को देखते हुए, ये उन लोगों के लिए एकदम सही हैं जो चलते-फिरते एनर्जी बढ़ाना चाहते हैं। डिस्क्लेमर- इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं। इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें। किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

**बादाम खाने से ब्लड शुगर का स्तर को नियंत्रित करने से लेकर वजन प्रबंधन में सहायक भूमिका निभाते हैं। बादाम खाने से कई लाभ प्राप्त होते हैं।**

# नवरात्रि में खास, मखाना उत्तपम का स्वाद बेमिसाल!

## सेहत की बात

**नवरात्रि का त्योहार का प्रारंभ 30 मार्च 2025 से हो रहा है और इसका समापन 7 अप्रैल 2025 को होगा। इस बीच मां दुर्गा के भक्तों ने 9 दिनों तक व्रत रखा है। इन नौ दिनों तक भक्तजन देवी मां की आराधना और पूजा करते हैं। अगर आप भी व्रत के दौरान शुद्ध और सात्विक खाने की रेसिपी देख रहे हैं, तो यह लेख आपके लिए है। आप नवरात्र में फलाहारी के लिए मखाना उत्तपम की रेसिपी बना सकते है। आइए आपको फलाहारी उत्पम की रेसिपी के बारे में बताते हैं।**





### मखाना उत्तपम की सामग्री

250 ग्राम मखाना, 1 कप दही, समा के चावल 3 बड़े चम्मच, गाजर, शिमला मिर्च, अदरक एक इंच टुकड़ा, हरी मिर्च , बारीक कटा हरा धनिया, सेंधा नमक, देसी घी या मूंगफली का तेल, कुटी काली मिच पनीर

### मखाना उत्तपम रेसिपी

इसे बनाने के लिए आप सबसे पहले मखाने को हल्का सा कढ़ाही में ड्राई रोस्ट कर लें। नमी खत्म होने के बाद इसे आसानी पीस लें।, जब आपके मखाने रोस्ट हो जाएं और तो उसमें समा के चावलों को पीसकर पाउडर बना लें, इसके बाद किसी बाउल में मखाना, समा के चावल और दही लेकर ग्राइंडर जार पलट दें। इसमें हरी मिर्च और अदरक के टुकड़े डाल दें, अब थोड़ा सा पानी डालकर सारी चीजों का बारीक पेस्ट बना लें, फिर इस पेस्ट में घिसे हुए गाजर, महीन कटा शिमला मिर्च डाल दें। इसके साथ ही बारीक कटी हरी धनिया, कुटी काली मिर्च मिक्स कर दें। इसके साथ ही पनीर को क्रश करके डाल दें। नमक स्वादानुसार डालें और अच्छे से मिक्स करें। अब तवे पर देसी घी या मूंगफली का तेल डालें, जिससे ये पूरी तरह से फलाहारी बनकर तैयार हुई।

तवा गर्म होते ही तैयार बैटर को तवे पर फैलाएं और कुछ देर ढंक कर पकाएं। ताकि ये फटाफट और आसानी से पक जाए।

2 मिनट में इसे पलट कर दोनों तरफ से अच्छे से पका लें। यह लीजिए आपका गर्मागर्म मखाना उत्तपम तैयार है और इसे हरी चटनी के साथ सर्व करें।

**इस बार चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 30 मार्च से हो रही है और इसका समापन 7 अप्रैल 2025 को होगा। अगर आप भी व्रत रखने जा रहे हैं, तो आप भी फलाहार में यह मजेदार मखाना उत्तपम बना सकते हैं। मिनटों हो जाएगा तैयार और स्वाद भी बेहद शानदार होगा। तो चलिए बिना देर किए आपको इसकी रेसिपी बताते हैं।**

# धूप से बचाव, घर की सनस्क्रीन का कमाल!



टैनिंग से मिले छुटकारा, प्राकृतिक सनस्क्रीन से त्वचा की सुरक्षा करें

## फैशन मंत्रा

**गर्मियों में सबसे ज्यादा समस्या टेनिंग से होती है। धूप के कारण चेहरे से लेकर पूरी बॉडी पर टेनिंग हो जाती है। ऐसे में आपको अपनी स्किन को धूप से सुरक्षित रखने के लिए सनस्क्रीन का प्रयोग जरूर करते होंगे। मार्केट में सनस्क्रीन काफी महंगे मिलते हैं, इसलिए आप घर पर ही आसानी से सनस्क्रीन लोशन बना सकते हैं।**

गर्मियों में चिलचिलाती धूप में बाहर निकलने से त्वचा पर असर पड़ता है। सूरज किरणों से निकलने वाली अल्ट्रावायलेट किरणों से हमारी स्किन डैमेज हो सकती है। इसलिए कई लोग धूप से बचने के लिए सनस्क्रीन का प्रयोग करते हैं। गर्मियों के मौसम में लोग अपने चेहरे को कवर करते हैं या फिर सनस्क्रीन लोशन का यूज करते हैं।

धूप से बचने के लिए सनस्क्रीन लोशन सबसे असरदार होता है। यह सूर्य की हानिकारण किरणों से बचाता है।

घर पर इस तरह से बनाएं सनस्क्रीन लोशन समाग्री, रोजमेरी ऑयल, 1/2 टेबलस्पून, सनफ्लॉवर ऑयल- 1/2 टेबलस्पून, शिया बटर- आधा टेबलस्पून, नॉन नेनो जिंक ऑक्साइड- 1 टेबलस्पून एलोवेरा जेल- 2 टेबलस्पून सनस्क्रीन लोशन बनाने की विधि सनस्क्रीन लोशन बनाने के लिए आप सबसे पहले एक कांच की बाउल में रोजमेरी ऑयल, सनफ्लावर ऑयल लें। इसके बाद इसमें शिया बटर और नॉन नैनो जिंक ऑक्साइड मिलाएं। सभी चीजों को अच्छे तरह मिक्स कर लीजिए और इसके बाद इसमें ऊपर से एलोवेरा जेल को मिक्स कर दीजिए।

इन सभी चीजों को अच्छे से मिला लें। यदि आपको लोशन गाढ़ा लग रहा है तो आप इसमें एलोवेरा जेल और मिला सकते हैं। यह लीजिए आपका सनस्क्रीन लोशन बनकर तैयार है। इसके बाद आप इसे कांच या प्लाटिस्टक की डिब्बी में भर लें। आप इसको फ्रिज में भी रख सकते हैं और बाहर भी रख सकती हैं।

गर्मियों के दौरान इसे आप रोजाना जब भी घर से बाहर निकलें तो 2 से 3 बूंद लेकर चेहरे और हाथ-पैरों पर अच्छे लगा लें।

# दरकते रिश्तों में पुलिस ने लगाया मरहम!

» पुलिस परिवार परामर्श केंद्र ने चार परिवारों को टूटने से बचाया

» अरौल इंस्पेक्टर ने हंसी-खुशी माहौल में आशीर्वाद देकर थाने से विदा किया

**स्वराज इंडिया संवाददाता**

**बिल्हौर। पति -पत्नी के बीच छोटी-छोटी बातों पर अहम टकराने से रिश्तों में आई दरार को कानपुर की अरौल पुलिस ने कुछ ही देर में भर दिया। और हमेशा के लिए जुदा हो रहे जोड़ों के बीच सुलह कराकर परिवार में खुशियाँ लौटाई ।**





रविवार को कानपुर कमिश्नरेट के अरौल थाने में पुलिस परिवार परामर्श दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे पुलिस व परामर्श समिति के सदस्यों ने पति-पत्नी के रिश्ते से एक दूसरे से हमेशा के लिए जुदा हो रहे चार जोड़ों की समस्याओं को सुना। जरा-जरा सी बात पर जुदा हुए चारों जोड़ों को पुलिस ने काउंसलिंग कर एक दूसरे के प्रति मन में पाले मनमुटाव को खत्म कराया। इसके बाद अरौल इंस्पेक्टर ने मिठाई व फूल के माले मंगवाए और थाना परिसर में ही जोड़ों ने आपस में गिले सिकवे दूर कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर माला पहनाया और गले मिलकर हमेशा साथ रहने की कसमे खाई। इसके बाद अरौल इंस्पेक्टर जनार्दन सिंह यादव व परामर्श समिति ने सभी जोड़ों को आशीर्वाद देकर हंसी-खुशी जोड़ों को थाने से विदा किया। इस दौरान उप निरीक्षक प्रीतंजलि सिंह,महिला कांस्टेबल राधा, रूबी समेत पुलिस स्टाफ समेत मकनपुर ग्राम प्रधान मजाहिर हुसैन जाफरी,सीता कटियार, बलवीर,आदि परामर्श समिति के सदस्य मौजूद रहे। वहीं थाना अध्यक्ष जनार्दन सिंह यादव ने बताया कि जनवरी से लेकर अब तक 11 जोड़ों के बीच समझौता कराकर परिवारों को बिखरने से बचाया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ऐसे प्रयासों के लिए लगातार प्रयत्नशील है।

# जयंती पर याद किए गए डॉक्टर राम मनोहर लोहिया

## सपाइयों ने कस्बे में श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम का किया आयोजन

**स्वराज इंडिया संवाददाता**

बिल्हौर। रविवार को सपाइयों ने बिल्हौर कस्बे में डॉ राम मनोहर लोहिया की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में सपा नेता समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष निर्भय सिंह यादव, आशीष सिंह चटरू, नगर अध्यक्ष असद सिद्दीकी ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बारी बारी से डॉ लोहिया के चित्र पर माल्यार्पण किया। तथा लोहिया जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान कई सपाई मौजद रहे।






श्री गौरी हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर

(AN ISO 9001:2015 CERTIFIED HOSPITAL)

यू.पी.एस.आई.डी.सी. जैनपुर, कानपुर देहात

Mob: 9710106661, 73310106662, 7310106663

अल्ट्रासाउण्ड, सी.टी. स्कैन, डिजिटल एक्सरे की 24 घंटे सुविधा उपलब्ध


- आई0सी0यू0/सी0सी0यू0।
- वेंटीलेटर, ए0वी0जी0ए0, कारडियक मॉनीटर, मल्टीपैरा मॉनीटर की सुविधा।
- C-Arm युक्त वातानुकूलित ऑपरेशन थियेटर।
- ट्रामा स्पोर्ट हेड इन्जुरी का सफल इलाज।
- डिजिटल एक्स.रे, सी.टी. स्कैन, अल्ट्रासाउण्ड (U.S.G.) की सुविधा

आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज उपलब्ध है।

टी.पी.ए. कैशलेस की सुविधा उपलब्ध

उपलब्ध सुविधाएं:- ए0बीजी0ए0 मशीन

1. अत्यंत कम वजन के नवजात शिशु एवं समय से पहले जन्में शिशुओं की विशेष देखभाल। 2. नवजात एवं बाल्य गहन चिकित्सा इकाई ;च्पण्ब्ण्न्ण्द्ध 3. चौबीस घंटे मेडिकल स्टोर, एक्सरे, पैथालॉजी, कैन्टीन की सुविधा। 4. नि:शुल्क एम्बुलेंस की सुविधा। 5. दूरबीन द्वारा पित्त एवं गुर्दे, यूरेटर की पथरी का ऑपरेशन, बच्चेदानी में गांठ का ऑपरेशन दूरबीन द्वारा किया जाता है। 6. गहन चिकित्सा इकाई, वेंटीलेटर सुविधा सहित। 7. सभी प्रकार के हड्डी रोग एवं ट्रामा सम्बंधित ऑपरेशन। 8. सिजेरियन ऑपरेशन/डिलेवरी/बच्चेदानी का ऑपरेशन अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर। 9. कार्डियक मीनीटरिंग/इको कार्डियोग्राफी/सोनोग्राफी/टी.एम.टी.



डा. संजय त्रिपाठी
एम.बी.बी.एस., एमडी मेडिसिन
फेलोशिप क्रिटिकल केयर

विजय बाजपेई
मैनेजिंग डायरेक्टर



# कानपुर देहात के प्रेमी युगल ने जबलपुर में लगाई फांसी

## कानपुर से भागे थे दोनों, 7 फरवरी को युवती के पिता ने दर्ज कराई थी एफआईआर

**स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो**

**कानपुर देहात। शिवली थाना क्षेत्र से भागे एक प्रेमी जोड़े ने मध्य प्रदेश के जबलपुर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक-युवती के शव पनागर थाना क्षेत्र के ग्राम बरोदा में राजा पटेल के मकान में रस्सी से लटके मिले।**

घटना की जानकारी के अनुसार, कानपुर नगर की एक नाबालिग लड़की को कानपुर देहात शिवली के आजाद नगर निवासी रोहित 25 जनवरी को बहला-फुसलाकर ले गया था। लड़की के पिता ने 7 फरवरी को रोहित के खिलाफ मामला दर्ज कराया था।

वहीं युवक के पिता ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।घटना से एक दिन पहले युवती ने अपने भाई को फोन किया था। भाई ने उसे डांट-फटकार भी लगाई थी। इसके बाद युवती के पिता ने कोतवाली में फोन नंबर की जानकारी दी। पुलिस नंबर को ट्रेस कर जबलपुर के लिए निकली लेकिन इसी दौरान जबलपुर के पनागर थाने से दोनों की आत्महत्या की सूचना मिली। घटना की जानकारी मिलते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया है। कोतवाल हरमीत सिंह ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद पुलिस टीम दोनों शवों को लेकर कानपुर देहात के लिए रवाना हो गई है। भोर तक शव पहुंचने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



मृतक युवक की फाइल फोटो



मृतका की फाइल फोटो

# भागवत कथा समापन पर राधा कृष्ण मंदिर में हुआ विशाल भंडारा

**स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो**

कानपुर देहात।ब्लॉक अकबरपुर की ग्राम पंचायत पुर के मजरा परसद्दापुर में राधा कृष्ण मंदिर में चल रही भागवत कथा शनिवार को संपन्न हो गई। कथा के समापन के बाद रविवार को हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया।

भागवत कथा का आयोजन ग्राम वासियों के सहयोग से करवाया गया था।उलरापुर से पधारे कथा व्यास ज्ञान सिंह ने 7 दिन तक चली कथा में भक्तों को श्रीमद भागवत कथा की महिमा बताई। उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। ज्ञान सिंह ने कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। श्रीमद भागवत से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। कथावाचक ज्ञान सिंह ने भंडारे के प्रसाद का भी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि प्रसाद तीन अक्षर से मिलकर बना है। पहला अर्थ प्रभु, दूसरा सा का अर्थ साक्षात व तीसरा द का अर्थ होता है दर्शन। जिसे हम सब प्रसाद कहते हैं। हर कथा या अनुष्ठान का तत्वसार होता है जो मन बुद्धि व चित को निर्मल कर देता है। मनुष्य शरीर भी भगवान का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ प्रसाद है। जीवन में प्रसाद का अपमान करने से भगवान का ही अपमान होता है। भगवान का लगाए गए भोग का बचा हुआ शेष भाग मनुष्यों के लिए प्रसाद बन जाता है। कथा समापन के दिन शनिवार को विधिविधान से पूजा करवाई। दूसरे दिन रविवार को सुबह से शाम तक पहले हवन और फिर भंडारा कराया गया। इसमें कथा आयोजक अरविंद सिंह ने अपने गांव के संभ्रांत लोगों के साथ हवन कार्यक्रम में पूर्ण आहुति डाली। साथ ही गांव से आए श्रद्धालुओं ने भी हवन में आहुति डाली। पूजन के बाद सुबह से ही भंडारा लगाकर प्रसाद बांटा गया। भंडारा कार्यक्रम के मौके पर गांव के ही कौशल, सत्यपाल सिंह, सरनाम सिंह, मानसिंह, हरनाम सिंह, रामचंद्र, रंजीत यादव, गंगाराम, रामप्रकाश, गोलू, राजू, सुनील साथ ही तिगाई ग्राम से पधारे वरिष्ठ अतिथि मनोज गुप्ता कोटेदार साथ ही गुड्डू सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना देवी द्वारा हर्षिता प्रिंटर्स 127/875, साकेत नगर, कानपुर नगर- 208012 (उप्र) से मुद्रित व 119/13, दर्शनपुरवा, कानपुर नगर- 208012 (उप्र) से प्रकाशित। संपादकः अनूप कुमार **RNI No.:** UPHIN/2023/86769 | **Email:** swarajindia2023@gmail.com | **Mob:** 7800009853, | **Website:** www.swarajindianews.com | प्रधान संपादक रतन प्रकाश सिंह (समस्त वाद-विवाद कानपुर न्यायालय के अधीन होंगे)

# आधी रात में अवैध खनन पर एक्शन मास्टरमाइंड गिरफ्तार

» मास्टरमाइंड की चालाकी बेकार, पुलिस के हाथ लगा बड़ा सुराग


» स्कॉर्पियो और पोकलैंड जब्त, पूछताछ जारी

**स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो**

अयोध्या। अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एसडीएम सदर विकास धर दुबे और सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में मास्टरमाइंड पर शिकंजा कस दिया। इस दौरान एक सफेद स्कॉर्पियो (क्क32 चङ्क 7172) और अवैध खनन में प्रयुक्त पोकलैंड मशीन जब्त कर ली गई।

सूचना मिली थी कि इलाके में अवैध खनन तेजी से चल रहा है। कई जेसीबी और डंपर मिट्टी भरकर अवैध तरीके से ले जाए जा रहे थे। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई के चलते जेसीबी और डंपर भागने में सफल रहे, लेकिन मास्टरमाइंड अपनी स्कॉर्पियो और पोकलैंड नहीं बचा पाया और पुलिस की गिरफ्त में आ गया। मास्टरमाइंड ने सुरक्षा इंतजाम बेहद सुनियोजित तरीके से कर रखे थे। हर 100 मीटर पर फोर-व्हीलर तैनात थी, साथ ही बाइक सवार निगरानी दल तैनात थे, ताकि कोई भी कार्रवाई होने से पहले सूचना मिल सके। लेकिन इस बार प्रशासन की सधी हुई रणनीति ने पूरे नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया।







## गुप्त रणनीतिः सादे कपड़ों में पहुंचा प्रशासन

खनन मास्टरमाइंड को भनक तक नहीं लगी कि एसडीएम सदर विकास धर दुबे और ष्टह्र अयोध्या आशुतोष तिवारी इस बार अलग रणनीति अपनाने वाले हैं। दोनों अधिकारी सरकारी गाड़ी के बजाय साधारण वाहन में आम नागरिक की तरह पहुंचे। इससे मास्टरमाइंड को किसी तरह की आशंका नहीं हुई और वह पुलिस के शिकंजे में आ गया।

## पुलिस की गिरफ्त में मास्टरमाइंड, पूछताछ जारी

तेजी से हुई इस कार्रवाई में अवैध खनन का मास्टरमाइंड पुलिस की गिरफ्त में आ चुका है और उससे गहन पूछताछ जारी है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस पूरे नेटवर्क में और कौन-कौन शामिल है और इसमें किस बड़े नाम का हाथ हो सकता है।

## खनन अधिकारी को सख्त कार्रवाई के निर्देश

एसडीएम सदर विकास धर दुबे ने मौके पर ही खनन अधिकारी को फोन कर तत्काल विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ कहा कि खनन मास्टरमाइंड और उसके नेटवर्क के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लग सके।

### प्रशासन की कार्रवाई से मास्टरमाइंड के साथियों में हड़कंप

इस त्वरित कार्रवाई के लिए एसडीएम सदर विकास धर दुबे एवं सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी की जमकर सराहना हो रही है। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध खनन में लिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है ।

## और कई लोग अंडरग्राउंड होने की फिराक में हैं

इस दौरान कोतवाल मनोज कुमार शर्मा अयोध्या एवं चौकी इंचार्ज विजेंद्र पाल भी मौके पर मौजूद रहे। साथ ही अन्य पुलिसकर्मी भी कार्रवाई में शामिल रहे। पुलिस की पूछताछ और आगे की कार्रवाई से कई और बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

# सपा के सवाल पर लिपिक शिवम के मौत की होगी मजिस्ट्रेट जांच

» लंबे समय बाद प्रशासन बैकफुट पर, कराएगा मजिस्ट्रेट जांच


» कनिष्ठ लिपिक शिवम की दुर्घटना में हुई मौत का प्रकरण पर राजनीति गर्म

» एडीएम (भूमि अध्याप्ति) 15 दिन में देंगे जांच रिपोर्ट



**स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो**

**अयोध्या।** पहली बार समाजवादी पार्टी के आंदोलन ने जिला प्रशासन को बैकफुट पर ला दिया है। अब तक धरना-प्रदर्शन और प्रेस वार्ताओं को हल्के में लेने वाला प्रशासन इस बार झुकता नजर आ रहा है। सोहावल तहसील में तैनात कनिष्ठ लिपिक शिवम यादव की दुर्घटना में मौत के बाद प्रशासनिक लापरवाही और उत्पीड़न के आरोपों ने मामले को तूल दे दिया है।मामले में घिरे उपजिलाधिकारी अभिषेक सिंह की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। बढ़ते विवाद के बाद जिला मजिस्ट्रेट चंद्र विजय सिंह ने उन्हें तहसील बीकापुर में उपजिलाधिकारी न्यायिक पद पर स्थानांतरित कर दिया है।



कार्यालय जिलाधिकारी, अयोध्या।

संख्या 44 /राजस्व सहा0/एसडीएम तैनाती/2025 दिनांक : 23 मार्च, 2025

आदेश

राजकीय कार्यहित में प्रशासनिक आधार पर जनपद में तैनात निम्नलिखित उप जिलाधिकारियों को उनके नाम के सम्मुख अंकित पद पर तैनात किया जाता है :-

| क्र0 | नाम उप जिलाधिकारी/ उप जिला मजिस्ट्रेट | वर्तमान तैनाती | नवीन तैनाती |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | श्री अरविन्द कुमार | अपर उप जिलाधिकारी सदर | रेजीडेन्ट मजिस्ट्रेट का अतिरिक्त प्रभार |
| 2 | श्री राजीव रतन सिंह | उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर | उप जिलाधिकारी सोहावल |
| 3 | श्री सुधीर कुमार | उप जिलाधिकारी न्यायिक सोहावल | उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर |
| 4 | श्री मदन कुमार शर्मा | नवागत उप जिलाधिकारी | मंदिर मजिस्ट्रेट |
| 5 | श्री अभिषेक सिंह | उप जिलाधिकारी सोहावल | उप जिलाधिकारी न्यायिक बीकापुर |

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

(चन्द्र विजय सिंह)
जिलाधिकारी,
अयोध्या।

संख्या व दिनांक उपरोक्त।
प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1. आयुक्त, अयोध्या मण्डल, अयोध्या।
2. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अयोध्या।
3. मुख्य विकास अधिकारी, अयोध्या।
4. समस्त अपर जिलाधिकारी/मुख्य राजस्व अधिकारी, अयोध्या।
5. प्रभारी अधिकारी (निर्वा), कलेक्ट्रेट, अयोध्या।
6. सम्बन्धित अधिकारी को अनुपालनार्थ।

जिलाधिकारी,
अयोध्या।

मृतक शिवम यादव



**रातभर चला धरना, मजिस्ट्रेट जांच के आश्वासन के बाद माने नेता**

शनिवार देर रात समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद, पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडेय, अमृत राजपाल समेत अन्य नेता जिला चिकित्सालय के सामने धरने पर बैठ गए। हालात बिगड़ते देख जिलाधिकारी को खुद मौके पर पहुंचकर मजिस्ट्रेट जांच के आदेश देने का आश्वासन देना पड़ा, जिसके बाद देर रात करीब 2 बजे धरना समाप्त हुआ।अब मामले की मजिस्ट्रेट जांच अपर जिलाधिकारी भूमि अध्याप्ति अरुणमणि तिवारी को सौंपी गई है, जो 15 दिन में अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे।

**क्या है पूरा मामला?**

शनिवार देर शाम शिवम यादव की घर लौटते समय सआदतगंज में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

शिवम रानोपाली का निवासी था और उसके पिता राजकुमार यादव सीआरपीएफ में कोबरा कमांडो थे। अप्रैल 2021 में छत्तीसगढ़ में नक्सली हमले में वे शहीद हुए थे। पिता के बलिदान के बाद शिवम को मृतक आश्रित कोटे में तीन महीने पहले कलेक्ट्रेट में नौकरी मिली थी।

**एसडीएम पर गंभीर आरोप, धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ का भी मामला**

उपजिलाधिकारी अभिषेक सिंह पर शिवम के उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगे हैं। आरोप है कि उन्होंने शिवम को अपने कार्यालय में बुलाकर जबरन नाई से सिर मुड़वा दिया, जिससे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची। मजिस्ट्रेट जांच के आदेश में भी इस घटना का उल्लेख किया गया है। तीन महीने पहले ही उन्होंने अयोध्या में एसडीएम के रूप में पदभार संभाला था, इससे पहले वे मंदिर मजिस्ट्रेट रहे थे। पहली बार उन्हें मजिस्ट्रेट जांच का सामना करना पड़ रहा है।

**परिवार एफआईआर और निलंबन की मांग पर अड़ा**

शिवम के परिजन उपजिलाधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और निलंबन की मांग कर रहे हैं। माना जा रहा है कि मजिस्ट्रेट जांच में परिवार मजबूती से गवाही देगा, जिससे एसडीएम पर कार्रवाई का आधार बनेगा।

चर्चा है कि परिवार राज्य मानवाधिकार आयोग में भी शिकायत दर्ज कराने की तैयारी में है।

**पहले भी विवादों में रहे हैं एसडीएम**

एसडीएम अभिषेक सिंह का विवादों से पुराना नाता रहा है।

तीन दिन पहले ही उन्होंने तहसील के मंगलसी गांव में पूर्व प्रधान रामचेत यादव की प्रतिमा को बिना नोटिस दिए बुलडोजर चलवाकर गिरवा दिया। इससे समाजवादी पार्टी के नेता भड़क उठे और जिलाधिकारी से उनकी कार्यशैली की शिकायत की।

अब मजिस्ट्रेट जांच के चलते यह मामला एसडीएम के करियर के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकता है।

# रेट्रो कैफे फायरिंग में एक आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश

**स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो**

**लखनऊ।** एसआरएस चौकी के सामने विशालखंड स्थित रेट्रो कैफे में छात्रों के दो गुट में हुए विवाद और फायरिंग में एक आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया। वहीं, अन्य आरोपियों की तलाश सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की जा रही है। शुरुआती जांच में चिनहट पुलिस की लापरवाही सामने आई है। अगर चिनहट पुलिस पुराने मामले में कार्रवाई कर देती तो शनिवार रात की घटना न होती। फिलहाल हर बिंदु पर गोमतीनगर पुलिस जांच कर रही है।इंस्पेक्टर गोमतीनगर राजेश त्रिपाठी के मुताबिक छात्र शिवार्चन सिंह को गोली मारने के मामले में विकासनगर निवासी मनीष तिवारी को गिरफ्तार किया गया है।उधर शिवार्चन की हालत में सुधार हो रहा है। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो सामने आया कि गोली एक ही पक्ष से चलाई गई थी। दूसरे पक्ष से फायरिंग करने की पुष्टि नहीं हुई है।शिवार्चन ने पुलिस को बताया कि 18 मार्च को मनीष तिवारी अपने साथियों के साथ उसके घर पर गया था। वहां पर घर में घुसकर तोड़फोड़ कर धमकाया तो चिनहट थाने में आरोपितों के खिलाफ तहरीर दी थी। वहां की पुलिस कार्रवाई कर रही थी, उसी मामले में पुलिस ने मनीष को पूछताछ के लिए बुलाया था। उसके बाद पुलिस ने सभी को छोड़ दिया था। उनका आरोप कि पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई करती तो शाम को यह घटना न होती। उसी के बाद मनीष अपने साथियों के साथ रेट्रो कैफे पहुंचा था, जहां गोली चला कर जान से मारने का प्रयास किया था। इंस्पेक्टर ने बताया कि घटना स्थल पर मौजूद सभी युवकों की पहचान की जा रही है।एसआरएस माल के सामने घर में चल रहे रेट्रो कैफे में शनिवार देर रात वर्चस्व को लेकर छात्रों के गुटों में जमकर विवाद हुआ। इस दौरान कई राउंड फायरिंग की गई। जिसमें बीसीए के छात्र के हाथ में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ गंभीर रिपोर्ट दर्ज कर लिया था।


# चेन स्नैचर विशाल मौर्या मुठभेड़ में घायल

## » तेजतर्रार डीसीपी गोमती जोन प्रमोद कुमार के कुशल मार्गदर्शन में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान

**प्रमुख संवाददाता स्वराज इंडिया**

**वाराणसी। आप सभी को बताते चले कि एनकाउंटर स्पेशलिस्ट सीपी मोहित अग्रवाल के निर्देशन और तेजतर्रार डीसीपी गोमती जोन प्रमोद कुमार के कुशल मार्गदर्शन में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे आभियान के क्रम में एसओजी व बड़ागांव थाना पुलिस की संयुक्त मुठभेड़ में चेन स्नेचिंग की घटनाओं को अंजाम देने वाले बदमाश को गिरफ्तार कर लिया।**

शनिवार देर रात्रि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चैन स्नैचर विशाल मौर्या बड़ागांव के रस्ते से फिर शहर में प्रवेश कर रहा है।पुलिस टीम ने दल्लीपुर नगर पर एक संदिग्ध बाइक आते देख पुलिस ने घेरेबंदी कर रोकने का प्रयास किया तो वह फायरिंग करते हुए भगाने की कोशिश करने लगा,जवाबी फायरिंग में बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी है।गोली लगने से बदमाश घायल हो गया।बदमाश की पहचान चैन स्नेचिंग के आरोपी विशाल मौर्या के रूप में हुई है।पुलिस ने घायल बदमाश को इलाज के लिए पीएचसी अस्पताल गंगापुर मांगरी में भर्ती कराया है।सूचना मिलते ही बिना किसी देरी के तत्काल मौके पर पहुंचे डीसीपी गोमती जोन प्रमोद कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से घायल बदमाश की पहचान विशाल मौर्या के रूप में हुई है,जो चोलापुर के चमरहा का रहने वाला है।शनिवार की रात बड़ागांव के दल्लीपुर नहर मार्ग पर पुलिस ने बाइक सवार संदिग्ध बदमाश को रोकना चाहा।वह फायरिंग करने लगा।जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई।पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया है।विशाल वाराणसी और जौनपुर जनपद में चेन स्नेचिंग की घटना में सक्रिय था।घटना में इस्तेमाल होने वाली बाइक बरामद की गई है,इसके अलावा 32 बोर का देशी तमंचा भी बरामद हुआ है।मेडिकल के बाद उससे और पूछताछ की जाएगी.





# जानिए मुगल के दरबार की वो वैश्या, जिसके नाम पर है कानपुर का ये मोहल्ला

**स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो**

**लखनऊ। मुगल के दरबार की वो वैश्या, जिसके नाम पर है कानपुर का ये मोहल्ला। सैयद बंधुओं में सबसे बड़े अब्दुल्ला इतिहास में 'राजा निर्माता' के रूप में बहुत ही ज्यादा प्रसिद्ध हैं।**

**और अब्दुल्ला उस समय सम्राट औरंगजेब की सेना में थे और इलाहाबाद के सूबेदार थे। औरंगजेब दक्कन में युद्ध लड़ने में व्यस्त था, जिसकी मृत्यु 1707 में हुई। और अब्दुल्ला 1713 में जहांदार शाह सम्राट के बाद फरुखसियर का वजीर बने।**

सैयद बंधुओं ने 1713 से 1719 के दौरान छह राजा बनाए। छोटा भाई सेनापति था, जिसकी 1720 में मौत हो गई और बड़ा भाई 1722 में मारा गया।और इसके साथ ही इतिहासकार अनूप शुक्ला बताते है कि 1722 में बादशाह मोहम्मद शाह रंगीला के दरबार में एक वेश्या थीं। और उसका नाम था कोकी जोए। और वह इसी नाम से प्रसिद्ध थीं।





हालांकि, उसका असली नाम रहीमुन्निसा था। और अनूप शुक्ला ये भी बताते हैं कि कानपुर का जूही उसके ही नाम का अपभ्रंश है।और इसके अलावा रिश्वत के रूप में उसकी उन दिनों प्रतिदिन की आय 25000 रुपये थी, जिसमें बादशाह का भी हिस्सा होता था।


कानपुर में गंगा के दक्षिण में कान्हपुर गांव तक, बल्कि वर्तमान कानपुर तक उसकी अमलदारी भी थी।

और कानपुर में उसके द्वारा बनाई गई इमारतों में जूही का बंगला हवाई अड्डे के पास सावदा कोठी, और एक किला जिसमें एक भागने की सुरंग भी है।

इसके साथ ही इतिहासकार अनूप शुक्ला बताते है कि कानपुर का इतिहास काफी पुराना है और यहां के मोहल्लों के जो भी नाम हैं उसके पीछे कोई न कोई रोचक कहानी छुपी हुई है। और उनके अनुसार कोकी जोए की तस्वीर भी बहुत मुश्किल से ही देखने को मिलती है।

# शिंदे पर टिप्पणी कर बुरे फंसे कामेडियन कामरा

## शिवसेना के 40 कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज, 11 अरेस्ट



### शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने मान लिया कि शिंदे गद्दार और चोर हैं?



शिवसेना-यूबीटी विधायक आदित्य ठाकरे ने कहा, कल मैंने विरोध प्रदर्शन और तोड़फोड़ के बाद कुणाल कामरा का क्लिप देखा। सवाल उठता है कि एकनाथ शिंदे के कार्यकर्ताओं ने कब तय कर लिया कि वह देशद्रोही और चोर है? क्योंकि कुणाल ने किसी का नाम नहीं लिया है। शिंदे को चोट क्यों लगी? क्या मुख्यमंत्री अपनी गुंडागर्दी बंद करेंगे? पूरा देश, पूरी दुनिया जानती है कि कौन देशद्रोही और चोर है।

**» मुंबई, एजेंसी।**

**मुंबई पुलिस ने एक कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के लिए कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने पर 'स्टैंड-अप कॉमेडियन' कुणाल कामरा के खिलाफ सोमवार को प्राथमिकी दर्ज की। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने मुंबई के खार इलाके में स्थित 'हैबिटेट स्टूडियो' में कथित रूप से तोड़फोड़ करने को लेकर शिवसेना के करीब 40 कार्यकर्ताओं के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है।**

शिवसेना कार्यकर्ताओं ने रविवार को मुंबई के खार इलाके के उस 'हैबिटेट कॉमेडी क्लब' में कथित रूप से तोड़फोड़ की थी, जहां कामरा का कार्यक्रम शूट किया गया था। इस कार्यक्रम में उन्होंने शिंदे पर ''गद्दार'' शब्द के जरिये कटाक्ष किया था। बड़ी संख्या में शिवसेना कार्यकर्ता रविवार रात 'होटल यूनिकॉन्टिनेंटल' के बाहर एकत्र हुए जहां संबंधित क्लब स्थित है। उन्होंने क्लब और होटल परिसर में तोड़फोड़ की। 'हैबिटेट क्लब' वही स्थान है जहां विवादास्पद शिंदे के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करने वाला कामरा का वीडियो वायरल होने के बाद शिवसेना विधायक मुरजी पटेल ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। एमआईडीसी थाने के एक अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर सोमवार तड़के कामरा के खिलाफ 353(1)(बी) (सार्वजनिक उत्पात संबंधी बयान) और 356(2) (मानहानि) समेत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। अधिकारी ने बताया कि करीब दो मिनट के वीडियो में कामरा ने सत्तारूढ़ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और शिवसेना का भी मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि खार पुलिस ने 'हैबिटेट स्टूडियो' और होटल में तोड़फोड़ करने के मामले में राहुल कनाल (युवा सेना), विभाग प्रमुख कुणाल सरमारकर और अक्षय पनवेलकर समेत शिवसेना के 19 पदाधिकारियों के खिलाफ नामजद और 15 से 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। खार पुलिस के उपनिरीक्षक विजय सईद की शिकायत पर शिवसेना कार्यकर्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। उन्होंने अपने बयान में आरोप लगाया कि पनवेलकर, सरमारकर और शिवसेना के अन्य कार्यकर्ताओं ने होटल एवं स्टूडियो में घुसकर नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा कि वे ''शिवसेना जिंदाबाद'' जैसे नारे लगा रहे थे और जब पुलिस ने हस्तक्षेप किया तो उन्होंने ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों को धक्का दिया तथा होटल के कर्मचारियों के साथ भी हाथापाई की। सईद ने कहा कि बाद में उन्हें जांच के लिए थाने ले जाया गया।

### पिक्चर अभी बाकी हैः कनाल

इस सिससिले में राहुल कनाल का बयान भी सामने आया है। उन्होंने कहा, यह पूरी तरह से आपके आत्मसम्मान के बारे में है। जब बात बुजुर्गों या देश के सम्मानित नागरिकों की आती है,जब आपके बुजुर्गों को निशाना बनाया जाता है, तो आप उस मानसिकता के किसी व्यक्ति को निशाना बनाएंगे। राहुल कनाल ने कुणाल कामरा की टिप्पणी के बाद उन्हें चेतावनी दी थी और कहा-अभी तक तो ये ट्रेलर है, पिक्चर अभी बाकी है। एक दिन पहले उन्होंने और अन्य शिवसेना कार्यकर्ताओं ने कामरा के शो के आयोजन स्थल पर तोड़फोड़ की थी।

# नागपुर हिंसा: फहीम के घर चला बुलडोजर

## नगर निगम की टीम ने गिराया अवैध निर्माण



**» नागपुर, एजेंसी।**

**नागपुर हिंसा मामले में प्रशासन की कार्रवाई तेज हो गई है। पुलिस ने फहीम खान को नागपुर हिंसा का मास्टरमाइंड करार दिया है। वह पुलिस हिरासत में है। वहीं नगर निगम की टीम ने फहीम खान के घर पर बुलडोजर चलाया है। फहीम खान के घर के अवैध हिस्से पर नगर निगम का बुलडोजर चला है। नगर निगम ने फहीम खान को अवैध निर्माण हटाने के लिए 24 घंटे का वक्त दिया था जो पूरा हो चुका है।**

फहीम खान ने खुद अवैध निर्माण नहीं हटाया। ऐसे में प्रशासन ने घर पर बुलडोजर चलाया। नागपुर महानगरपालिका के अंतर्गत संजय बाग कॉलोनी में फहीम खान का घर है। यह दो मंजिला घर है, जिसे आज तोड़ा गया। नागपुर पुलिस ने फहीम खान की दो दुकानों को भी सील कर दिया है। बताया जा रहा है कि इन दुकानों का उपयोग नागपुर में दंगा करने वालों दंगाइयों द्वारा किया गया था।

फहीम खान माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी का शहर अध्यक्ष है। फहीम खान नागपुर के यशोधरा नगर में संजय बाग कॉलोनी में रहता है। षड्यंत्रमें उसका नाम भी शामिल है। षड्यंत्र के अनुसार फहीम खान ने झड़प शुरू होने से कुछ समय पहले भड़काऊ भाषण दिया था। इसके कारण ही हिंसा भड़की। फहीम खान 2024 के लोकसभा चुनाव में नितिन गडकरी के खिलाफ चुनाव भी लड़ चुका है। हालांकि उसे साढ़े छह लाख वोटों के अंतर से हार मिली थी। पुलिस के अनुसार फहीम खान द्वारा इकट्ठा की गई भीड़ ने कुल्हाड़ी, पत्थर, लाठियां और अन्य खतरनाक हथियारों के साथ आतंक पैदा करने के इरादे से हथियारों को हवा में लहराया। फहीम खान पर धार्मिक दुश्मनी को बढ़ावा देने के इरादे से सामाजिक सद्भाव को बिगड़ने का भी आरोप लगा है।

महाराष्ट्र के नागपुर में औरंगजेब की कब्र को लेकर विवाद शुरू हुआ था। कुछ प्रदर्शनकारी कब्र को हटाने की मांग कर रहे थे। इसी दौरान दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हो गई। बाद में हिंसक भीड़ ने कई दुकानों में तोड़फोड़ की और वाहनों को आग लगा दी। पुलिस ने अब तक 60 से अधिक आरोपियों को हिरासत में लिया है। कुछ समय तक इलाके में कर्फ्यू भी लगाया गया था। हालांकि अब हालात सामान्य है।

# सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टलने से अभ्यर्थियों में बढ़ा आक्रोश

**» कार्यालय संवाददाता, स्वराज इंडिया ब्यूरो।**

**लखनऊ। 69000 शिक्षक भर्ती में आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने सोमवार को बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के आवास का घेराव किया। बड़ी संख्या में पहुंचे अभ्यर्थी सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। अभ्यर्थियों का कहना है कि भर्ती प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हुईं, जिसके चलते हजारों आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी नियुक्ति से वंचित रह गए।**

हाई कोर्ट का आदेश लागू नहीं हुआ, सुप्रीम कोर्ट में भी सुनवाई अधर में

आपको बताते चलें कि 69000 शिक्षक भर्ती का मामला लंबे समय तक हाई कोर्ट में चला और अंततः 13 अगस्त 2024 को लखनऊ हाई कोर्ट की डबल बेंच ने आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के पक्ष में फैसला दिया।

कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया था कि तीन महीने के भीतर सभी पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी जाए। लेकिन अभ्यर्थियों का आरोप है कि सरकार ने इस आदेश का पालन नहीं किया, जिससे मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया।


## सार्वजनिक सूचना

मेरी पुत्री का सही नाम ANZEL SINGH RAJAWAT S/o SANDEEP PRATAP SINGH है। भविष्य में और सभी अभिलेखों में इसी नाम और स्पेलिंग से जाना पहचाना जाए।


**संदीप प्रताप सिंह**
पुत्र स्व. शिवपाल सिंह
निवासी: ग्राम ततारपुर, पोस्ट हैदरपुर
जिला औरैया (उत्तर प्रदेश)


# बरेली में बड़ी घटना: सिलिंडर फटने से उड़ा गैस एजेंसी गोदाम

## धमाकों से दहला इलाका, 500 मीटर दूर तक गिरे टुकड़े

**» कार्यालय संवाददाता, स्वराज इंडिया ब्यूरो।**

**बरेली। यूपी के बरेली से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में रजऊ परसपुर स्थित महालक्ष्मी गैस एजेंसी में सोमवार दोपहर करीब डेढ़ बजे सिलिंडर फटने से आग लग गई। आग ने पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। सिलिंडर फटने से लगातार कई धमाके हुए, जिससे पूरा इलाका दहल गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड के साथ पुलिस मौके पर पहुंच गई। आग बुझाने के प्रयास शुरू किए।**



कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक सारे सिलिंडर फट गए। गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ है। घटना इतनी विकराल थी कि धमाकों के साथ फटे सिलिंडरों के टुकड़े 500 मीटर तक जाकर खेतों में गिरे, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक सोमवार को सिलिंडरों से भरा ट्रक गोदाम पर खड़ा था। ट्रक के केबिन में किसी तरह आग लग गई, जिससे पहले उसमें रखा एक सिलिंडर फटा। फिर ट्रक और गैस एजेंसी गोदाम में आग लग गई। सिलिंडर फटने से काफी देर तक धमाके होते रहे। घटना से गांव रजऊ परसपुर में दहशत फैल गई। ग्रामीण अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। गांव से बाहर आकर देखा तो पता चला कि गैस गोदाम में धमाके हो रहे हैं। ग्रामीणों ने मोबाइल से घटना के वीडियो बना लिए। जिस गैस एजेंसी गोदाम में आग लगी है, वह सोमवार को बंद रहती है। गोदाम पर चौकीदार और ट्रक चालक ही थे। दोनों ने भागकर अपनी जान बचाई। वहीं गोदाम आबादी से काफी दूर बना है, जिससे जनहानि होने से बच गई। सूचना मिलते ही शहर से अधिकारी मौके पर रवाना हो गए। पुलिस जांच कर रही है।